RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 19 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 87 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## BJP नेता किरीट सोमैया का आपत्तिजनक वीडियो हुआ वायरल, बोले- वीडियो फर्जी, मेरे खिलाफ साजिश



**मुंबई :** महाराष्ट्र से मिल रही बड़ी खबर के अनुसार, यहां के कद्दावर BJP नेता किरीट सोमैया की कथित तौर पर एक अश्लील CD वायरल होने का दावा किया गया है। दरअसल ये वीडियो एक निजी मराठी चैनल की तरफ से ब्लर करके पब्लिश हुआ है। इस पर उक्त चैनल का दावा है कि ये वीडियो उनके हाथ लगा है, जिसमें किरीट सोमैया आपत्तिजनक हालत में नजर आ रहे हैं। इस वीडियो की वीडियो की सत्यता पर कोई भी पुष्टि नहीं करता है। वहीं इस बाबत सोमैया ने राजनीतिक साजिश का आरोप लगाते हुए वीडियो के जांच की पुरजोर मांग रखी है। लेकिन वहीं, कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सोमैया के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इधर शिवसेना उद्धव गुट के नेता अंबादास दानवे ने ये मामला विधान परिषद में उठाने की भी बात कर रहे हैं।

# एटीएस को मिलेगी ड्रग्स विरोधी कार्रवाई की जिम्मेदारी...

## तस्करी के लिए कूरियर - डाक का उपयोग: फडणवीस

## सोशल मीडिया और डार्क नेट का उपयोग जारी

मुंबई। महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र के दूसरे दिन उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने चौंकाने वाली जानकारी दी कि राज्य में ड्रग्स की तस्करी बढ़ गई है और अपराधी तस्करी को अंजाम देने के लिए कूरियर और डाक प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवाद निरोधक दस्ता को नशीले पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नियुक्त करने का फैसले लिया गया है। इसके लिए कानून में संशोधन किया जाएगा।



विधानसभा में राकांपा सदस्य रोहित पवार की तरफ से पेश ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के कारोबारी नई-नई तकनीकों को इजाद कर रहे हैं। वे कूरियर और डाक तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, डार्कनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने गौर किया है कि नाइजीरिया के कुछ नागरिकों समेत अन्य देशों के नागरिक नशीले पदार्थों की आपूर्ति में शामिल हैं। वे वीजा नियमों का उल्लंघन कर यहां वीजा अवधि से अधिक समय तक रहते हैं। ऐसे उल्लंघन के मामले में निर्वासन से बचने के लिए वे छोटे मोटे अपराध में शामिल होते हैं और यहां लंबे समय तक बने रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रवृत्ति को रोकने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने हिरासत केंद्र स्थापित करने का फैसला किया है, वहां इन विदेशी नागरिकों को उनके देश भेजे जाने तक रखा जाएगा। हमने मादक पदार्थों के वितरण को नियंत्रित करने के लिए एटीएस को नोडल एजेंसी के रूप में नियुक्त करने का भी फैसला किया है।

बंदरगाहों पर कंटेनर के जरिए मादक पदार्थ लाए जाने के संबंध में टिप्पणी करते हुए फडणवीस ने कहा कि केंद्र के साथ राज्य सरकारों ने सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी कर दी है और इस तरह के प्रतिबंधित पदार्थ की आपूर्ति को नियंत्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पदार्थ के आपूर्तिकताओं ने हालांकि कंटेनर के जरिए बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ की तस्करी करना शुरू कर दिया है।

# पीएम मोदी और सीएम योगी को जान से मारने की धमकी

## 26/11 जैसे आतंकी हमले का भी जिक्र...



**मुंबई :** मुंबई के ट्रैफिक कंट्रोल रूम को धमकी भरा मैसेज यानी संदेश मिला है। धमकी में दो बड़े नेताओं को जान से मारने की बात कही गई है। इतना ही नहीं, आरोपी ने 26/11 जैसे आतंकी हमले के लिए तैयार रहने की भी धमकी दी। मुंबई पुलिस ने मंगलवार को बताया कि ट्रैफिक कंट्रोल रूम में धमकी भरा संदेश आया। आरोपी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निशाने पर हैं। अधिकारी ने आगे बताया कि सिर्फ दो नेताओं को निशाना बनाने की नहीं बल्कि आरोपी ने 26/11 जैसे आतंकी हमले के लिए तैयार रहने की भी धमकी दी है। पुलिस ने कहा कि अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 509 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

### 22 मई को भी आया था धमकी भरा मैसेज

इससे पहले इस साल की 22 मई को भी मुबंई पुलिस को एक धमकी भरा मैसेज आया था, जिसमें एक अज्ञात शख्स ने लिखा था की वो बहुत जल्द ही मुंबई में विस्फोट करने वाला है। इस धमकी भरे मैसेज से पुलिस अलर्ट हो गई थी और व्यक्ति की पहचान कर उससे घंटों तक पूछताछ की गई थी।

## 3 माह में शुरू होगी फायर ऑडिट मुहिम

# मुंबई के 633 अस्पतालों को नोटिस



**मुंबई :** मुंबई के सभी 1574 अस्पतालों में फायर ऑडिट मुहिम अगले 3 माह में शुरू की जाएगी। मुंबई के 633 अस्पतालों को आडिट नहीं करने पर नोटिस दिए गए हैं। विधानसभा में इस बात की जानकारी उद्योग मंत्री उदय सामंत ने दी। वे प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों के सवालों के जवाब दे रहे थे। भाजपा के सुनील राऊत सहित अन्य सदस्यों के सवालों के जवाब देते हुए मंत्री उदय सामंत ने कहा कि मुंबई के केईएम, लोकमान्य तिलक,नायर, कूपर अस्पतालों का फायर ऑडिट हो चुका है। यह बात सही है कि ऑडिट में कहीं गलती हुई है। इसे ठीक करना जरूरी है और इसके लिए निधि की आवश्यकता है। सामंत ने कहा कि पिछले साल केईएम अस्पताल के फायर ऑडिट पर 2 करोड़ 75 लाख, लोकमान्य तिलक अस्पताल एक करोड़, नायर अस्पताल पर 50 लाख, कूपर पर 40 लाख और अन्य 16 अस्पतालों पर कुल 1 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। कई जगहों पर त्रुटि पाई गई है और उसे पूरा करने के लिए सरकार से निधि मांगी गई है। निधि मिलने पर फायर ऑडिट में रहने वाली त्रुटि को दूर किया जाएगा। अमित देशमुख ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि फायर ऑडिट जैसी चीजों के लिए आर्थिक प्रावधान नहीं किए जाते। भविष्य में इसके लिए सभी आर्थिक प्रावधान किए जाएं। मंत्री सामंत ने कहा कि फायर ऑडिट के जो भी प्रस्ताव आएंगे, उन्हें मान्यता देकर निधि उपलब्ध कराई जाएगी। चर्चा में अतुल भातखलकर, सुनील प्रभु, अमीन पटेल, राम कदम आदि ने भाग लिया।

## एक फिल्म आई थी मैं हूं ना, उसी तरह हम हैं ना...

# डरो मत विपक्षी दलों की बैठक के बाद बोले उद्धव ठाकरे

**मुंबई :** बेंगलुरु में विपक्षी दलों की दो दिन की बैठक खत्म हो गई। जिसके बाद विपक्ष की और से संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। इस दौरान महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने अपना संबोधन दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का कहना है कि हम परिवार के लिए लड़ रहे हैं। हां हम परिवार के लिए लड़ रहे हैं क्योंकि देश ही हमारा परिवार है। इस परिवार को हमको बचाना है।



कुछ लोग कहते हैं कि इनकी विचारधारा अलग-अलग है, यही तो प्रजातंत्र है। उद्धव ठाकरे ने कहा, अलग-अलग विचारधारा से होने के बावजूद भी हम साथ आए क्योंकि ये लड़ाई हमारी पार्टी की नहीं है। किसी व्यक्ति या किसी पार्टी के खिलाफ हमारी लड़ाई नहीं है बल्कि तानाशाही और नीति के खिलाफ हमारी लड़ाई है। एक जमाने में आजादी के लिए लड़ाई हुई थी अब आजादी खतरे में आई है। आजादी के लिए हम सब साथ आए हैं। हमें भरोसा है कि हम कामयाब हो जाएंगे।

उद्धव ठाकरे ने कहा, देश की जनता के मन में एक डर है कि आगे क्या होगा। देश की जनता को विश्वास दिलाना चाहते हैं कि डरो मत हम हैं। जैसे एक पिक्चर आई थी मैं हूं ना उसी तरह हम हैं ना इसलिए डरो मत ।उन्होंने यह भी कहा, एक व्यक्ति या पार्टी देश नहीं हो सकता है। पुरे देश की जनता देश है। हम अपने देश को सुरक्षित रखेंगे। दो मीटिंग हुई है। आज की मीटिंग बहुत अच्छी हुई।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### नशे के खिलाफ लड़ाई

मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत देश के विभिन्न शहरों में 1.40 लाख किलोग्राम ड्रग्स नष्ट किया जाना एक ओर जहां नशे के सौदागरों को यह संदेश है कि उनके अवैध कारोबार को खत्म किया जाएगा, वहीं सरकार की इस प्रतिबद्धता का परिचायक भी कि वह अपने नशा उन्मूलन अभियान को लेकर दृढ़ है। गत दिवस जो नशीले पदार्थ नष्ट किए गए, उनकी कीमत करीब 2,381 करोड़ रुपये है। नशीले पदार्थों को नष्ट करने का अभियान एक अर्से से जारी है और पिछले वर्ष लगभग 12 हजार करोड़ रुपये की ड्रग्स नष्ट की गई थी। इस सबके बाद भी इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जो नशीले पदार्थ जब्त और नष्ट किए जा रहे हैं, उनकी मात्रा उससे कहीं कम है, जो भारत में विभिन्न स्रोतों से लाए जा रहे हैं।

यह सही है कि हाल के समय में तस्करी के जरिये लाए गए नशीले पदार्थों की बड़ी-बड़ी खेप बरामद की गई हैं और इन पदार्थों का कारोबार करने वालों की गिरफ्तारियां भी की गई हैं, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि जो तत्व भारत में नशीले पदार्थ भेज रहे हैं, उनके हौसले पूरी तौर पर पस्त हुए हैं। स्पष्ट है कि ऐसे उपाय करने की आवश्यकता है, जिससे भारत में नशीले पदार्थ आ ही न सकें। इसके लिए सीमाओं पर चौकसी बढ़ानी होगी और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर शिकंजा भी कसना होगा। ऐसे तत्व देश के भीतर भी सक्रिय हैं और बाहर भी।

वैसे तो नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में सबसे अधिक पाकिस्तान से सावधान रहने की आवश्यकता है, लेकिन तथ्य यह भी है कि पूर्वोत्तर की सीमाओं से भी मादक पदार्थ देश के भीतर लाए जा रहे हैं। ड्रग्स तस्करों का दुस्साहस इतना अधिक बढ़ गया है कि वे बंदरगाहों के जरिये भी ड्रग्स ला रहे हैं। इस सच से सभी को परिचित होना चाहिए कि नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले केवल युवाओं को नशे का लती बनाकर उनके और साथ ही देश के भविष्य को ही चौपट नहीं कर रहे हैं, बल्कि इस काले कारोबार से अर्जित धन का इस्तेमाल तमाम तरह की देश विरोधी गतिविधियों को संचालित करने और संगठित अपराध के साथ-साथ आतंकवाद को खाद-पानी देने के लिए भी कर रहे हैं।

साफ है कि समाज और विशेष रूप से युवाओं को इसके लिए जागरूक करने की आवश्यकता है कि नशे की उनकी आदत उनके जीवन को नष्ट करने के साथ देश की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बनती है। नशा कैसे युवाओं को बर्बाद करता है, इसके तमाम उदाहरण पंजाब में हैं। ड्रग्स के खिलाफ जो लड़ाई छेड़ी गई है, उसमें सफलता तब मिलेगी, जब देश में नशीले पदार्थों की खपत की गुंजाइश ही नहीं रह जाएगी। इस गुंजाइश को खत्म करने में हमारे युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि आम तौर पर उनके बीच ही नशीले पदार्थ खपाए जाते हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# बीएमसी अस्पतालों में अब परेशान नहीं करेंगे चूहे

## छह महीने में 2 लाख से ज्यादा का हुआ सफाया

1. बीएमसी अस्पतालों से 15 दिन में 817 चूहे मारे गए
2. छह महीने में 2 लाख 81,483 चूहों का हुआ सफाया
3. विशेष मुहिम के तहत अस्पतालों सेचूहों का हुआ सफाया





मुंबईः बीएमसी के अस्पतालों से पिछले 15 दिन में 817 चूहों का सफाया हुआ है, जबकि 1 जनवरी से लेकर 13 जुलाई 2023 तक 2 लाख 81,483 चूहों का सफाया हुआ है। बीएमसी के कीटनाशक विभाग ने रैट किलर्स को चूहों को पकड़ने के लिए विशेष मुहिम चलाने का निर्देश दिया था। इस कारवाई से अस्पतालों और आसपास के परिसर में नुकसान पहुंचाने वाले चूहों से राहत मिली है। बता दें कि चूहों के कारण मनपा कार्यालयों, अस्पतालों में रखे गए कागजातों, कंप्यूटर समेत अन्य संपत्तियों का काफी नुकसान होता है। इसके अलावा इंसानों में कई प्रकार के रोग भी फैलते हैं। चूहे के काटने से रैट बाइट फीवर सहित अन्य संक्रामक बीमारी होती है। चूहों के मलमूत्र के संपर्क में आने से लेप्टोस्पायरोसिस बीमारी होने का खतरा भी बना रहता है। कई बार इससे संक्रमित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। गौरतलब है कि गत महीने बीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान अस्पताल परिसर में काफी चूहे दिखाई दिए। उन्होंने कीटनाशक विभाग को इन चूहों को नियंत्रित करने का निर्देश दिया। कीटनाशक विभाग ने बीएमसी के 4 मेडिकल कॉलेज और 16 उपनगरीय अस्पतालों में चूहे के सफाए के लिए विशेष मुहिम चलाई। इसके लिए बीएमसी ने 17 रैट किलर संस्थाओं को नियुक्त किया है। इसके जरिए 15 दिन में 817 चूहों को मारा गया है।

कीटनाशक विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अस्पताल के अंदर चूहों को पकड़ने के लिए पिंजरे रखे गए हैं। भारी बारिश को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी से निर्देश मिला है कि अस्पताल परिसर और आसपास में रहनेवाले चूहों का सफाया करना है। भारी बारिश होने पर अस्पताल में चूहों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में बीमारी फैलने का डर भी है। आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी से लेकर 13 जुलाई तक कीटनाशक विभाग ने मुंबई के 24 वार्डों में अब तक 2 लाख 81,483 चूहों का सफाया किया है। यानी महानगर में प्रति दिन 1451 चूहों का खात्मा किया गया है। इसमें से 22,709 चूहों को पिंजरे की मदद से पकड़ा गया है, जबकि 16,463 चूहों को पॉइजनिंग के जरिए और 2,42,311 चूहों को रैट किलर द्वारा मारा गया है।



# मुंबई के मरोल में बेस्ट की बस में लगी भीषण आग, बाल-बाल बचे 35 यात्री

**मुंबई :** मुंबई के अंधेरी इलाके के मरोल में सोमवार को बेस्ट की एक बस में आग लग गयी, जिसमें सवार 30 से अधिक यात्री बाल-बाल बच गये। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक बस, जिसे नगर निकाय द्वारा संचालित परिवहन उपक्रम ने एक निजी ठेकेदार से किराए पर लिया है, रूट नंबर 186 पर चल रही थी और सुबह 10:45 बजे रिलायंस फ्लाईओवर के नीचे बस में आग लग गई।

बस के चालक मोहम्मद हुसैन शेख ने से कहा, '' बस, जो अंधेरी पूर्व के अगरकर चौक से पवई के विहार झील के लिए निकली थी, घटना के समय उसमें कुछ छात्रों सहित कम से कम 35 यात्री सवार थे। आग संभवतः शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। बस के डैशबोर्ड के अंदर स्पार्किंग हो रही थी। चालक मोहम्मद हुसैन शेख (56) ने कहा कि उन्होंने यात्रियों को तुरंत उतरने के लिए कहा और आग बुझाने के लिए वाहन में दो अग्निशामक यंत्रों का इस्तेमाल किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। चालक ने कहा, ''मौके पर पहुंचे एक पुलिसकर्मी ने दूसरे वाहन से आग बुझाने वाले यंत्र का भी इस्तेमाल किया लेकिन आग बुझाने में असफल रहा। हम कुछ देर बाद दमकल विभाग से संपर्क कर सके, क्योंकि उनका नंबर शुरू में व्यस्त था। उन्होंने बताया कि 15 मिनट में दो गाड़ियों के साथ दमकल विभाग की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस जलकर खाक हो चुकी थी। फरवरी में, लगातार तीन बार आग लगने की घटनाओं के बाद बेस्ट ने 400 बसों को सेवा से हटा दिया था।

# मनपा में हुए करोड़ों के घोटालों की जांच लोकायुक्त से कराई जाए - आदित्य ठाकरे



**मुंबई :** महाराष्ट्र के सीएम शिंदे के नेतृत्ववाली 'घाती' सरकार के आशीर्वाद से मनपा में करोड़ों रुपए का घोटाला होने का पर्दाफाश शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने किया है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने समिति से जांच कराए जाने की घोषणा की थी। हालांकि, इस जांच में मुख्यमंत्री के 'बिल्डर दोस्तों' को क्लीन चिट मिलने की पूरी संभावना है। इसलिए मनपा में हुए करोड़ों के घोटालों की जांच लोकायुक्त से कराई जाए। इस तरह की मांग शिवसेना नेता, युवासेनाप्रमुख व विधायक आदित्य ठाकरे ने कल की।

मनपा द्वारा स्ट्रीट फर्नीचर लगाने का काम कराया गया, जिसमें शिंदे सरकार के आशीर्वाद से करीब २६३ करोड रुपए के घोटाले का सबूत के साथ पदार्फाश किया गया। इसके बाद भी मनपा की ओर से अभी तक किसी तरह का ठोस जवाब नहीं आया। इसके अलावा करोड़ों रुपए के खड़ी और सड़क कार्य में भी भ्रष्टाचार हुआ है। इसे लेकर शिवसेना ने १ जुलाई को मनपा मुख्यालय पर विराट मोर्चा निकालकर जोरदार ढंग से निषेध व्यक्त किया था। मोर्चा निकालने के बावजूद निकम्मे मनपा प्रशासन और शिंदे सरकार की ओर से किसी भी तरह की कार्रवाई न होने के बाद कल आदित्य ठाकरे ने अधिवेशन में विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने की चेतावनी दी। इसलिए मुख्यमंत्री ने अधिवेशन की पूर्व संध्या पर मनपा में हुए घोटालों के आरोपों की समिति से जांच करने की घोषणा की। हालांकि, इस पर आदित्य ठाकरे ने आपत्ति जताते हुए लोकायुक्त से जांच कराने की मांग की है।

# कार्यवाही रोककर विधानसभा में किसानों के मुद्दे पर तत्काल चर्चा की मांग - बालासाहेब थोरात



**मुंबई :** राज्य के कई हिस्सों में जुलाई के तीसरे सप्ताह के बाद भी बारिश नहीं होने से बुआई रुकी हुई है। किसानों के सामने बुआई का संकट खड़ा हो गया है। राज्य के किसानों के लिए यह संकट का समय है, इसलिए कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात ने विधानसभा की सभी कार्यवाही रोककर विधानसभा में किसानों के मुद्दे पर तत्काल चर्चा की मांग की।

अधिवेशन के पहले दिन कल ईडी सरकार पर हमला बोलते हुए थोरात ने कहा कि किसान संकट से जूझ रहे हैं, जनता महंगाई से त्रस्त है। सरकार विभागों के बंटवारे और मंत्रिमंडल विस्तार में व्यस्त है। सरकार को छोटी-छोटी चीजों के लिए दिल्ली के दरबार में जाना पड़ता है। सरकार किसान के दरवाजे पर कब जाएगी? आखिर किसानों का संकट सरकार को कब समझ आएगा? ऐसा यक्ष सवाल थोरात ने सरकार से किया है। हमारे राज्य में खरीफ का औसत क्षेत्रफल १ करोड़ ४२ लाख है लेकिन केवल ६८ लाख हेक्टेयर यानी ५० प्रतिशत क्षेत्र में ही बुआई हो पाई है। कोकण संभाग में केवल १६.३० प्रतिशत और पुणे संभाग में केवल ३० प्रतिशत बुआई हुई है। राज्य के कई हिस्सों में बारिश की कमी के कारण बुआई में तेजी नहीं आ पाई है, इसलिए किसान संकट में हैं। राज्य में बीज और खाद की स्थिति गंभीर हो गई है। भारी पैमाने पर फर्जी बीज बाजार में आने से किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस संबंध में कार्रवाई कर किसानों को हिम्मत देने की जगह सरकार के कुछ गिरोह जिलों में घूम-घूम कर वसूली कर रहे हैं, ऐसा आरोप थोरात ने लगाया।

# अवैध रूप से चलाए जा रहे चार हजार से अधिक वाहन, वसूला गया 1 करोड़ 83 लाख का जुमार्ना...




**मुंबई :** महाराष्ट्र में आए दिन बस हादसों में कई लोगों की मौत हो जाती है। इसके बाद भी न तो सरकार चेत रही है न ही बस चालक। अभी भी निजी बस चालकों द्वारा पैसों के लालच में बसों में अतिरिक्त सवारियों को भरा जा रहा है। बस चालकों द्वारा सवारियों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। परिवहन विभाग को शिकायत है कि वे क्षमता से अधिक सवारियों को ले जा रहे हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए परिवहन विभाग की ओर से चलाए गए जांच अभियान में यह बात सामने आई कि चार हजार से अधिक वाहन अवैध रूप से चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राज्य में चलने वाली निजी लग्जरी बसों की जांच की गई। पिछले डेढ़ महीने में १४ हजार १६१ वाहनों की जांच की गई है। इनमें से ४ हजार २७७ वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की गई और १ करोड़ ८३ लाख रुपए का जुमार्ना वसूला गया। इससे निजी लग्जरी बस चालक परेशान हैं। राज्य में निजी लग्जरी बसें बड़े पैमाने पर चल रही हैं। कई बसें अवैध रूप से चलाई जा रही हैं इससे दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है। निजी लग्जरी बस वाले पैसों के लालच में कम पैसों में ही सवारियों को बैठा लेते है जिससे बस खचाखच भरी रहती है, हादसों का यह भी एक कारण है।

# मुंबई में लव जिहाद का मामला...

# पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला

**मुंबई:** मुंबई में लव जिहाद का एक मामला सामने आया है. मीरा भायंदर शहर की रहने वाली 22 साल की युवती ने मीरा रोड के नया नगर परिसर में रहने वाले अपने प्रेमी अमीन आजम शेख, उसकी मां रेशमा आजम शेख, काजी मुफ्तीन इस्माइल, जरियाब सलीम सय्यद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नया नगर पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 376(2)(ल्ल),366,323,504,406 और 34 के तहत मामला दर्ज कराया है. पीड़ित लड़की का आरोप है कि अमीन शेख ने अपनी मां और बाकी आरोपियो के साथ मिलकर ना सिर्फ उसका शरीरिक, बल्कि उसे मानसिक प्रताड़ना भी दी है. युवती ने आरोप लगाया है कि उसे डर-धमकाकर और उसके आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने का डर दिखाकर उसका धर्मांतरण किया गया. नया नगर पुलिस ने लड़की के बयान के आधार पर मामला दर्ज अमीन सहित सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले की जांच में जुट गई है.



पीड़ित लड़की ने नया नगर पुलिस को दिए बयान में कहा है कि 2022 में उसकी पहचान बोरीवली में शहबाज नामक लड़के से हुई थी. शहबाज अक्सर उससे मिलने के मीरा रोड स्टेशन के करीब आता था, जहां वो कंप्यूटर क्लास के लिए जाती थी. शहबाज ने पीड़ित लड़की की पहचान अमीन शेख से कराई थी. पीड़िता ने बताया, ''अमीन शेख ने थोड़े दिनों की मुलाकात के 16 फरवरी 2022 को मेरे सामने प्यार का इजहार कर दिया. जब मैंने उसे मना किया, तो उसने चाकू निकाल कर कहा कि वो मुझसे बहुत प्यार करता हैं. अगर मैंने हां नहीं बोला, तो वो खुद को चाकू मार कर आत्महत्या कर लेगा, जिसके बाद मैं डर गई और मैंने उसे लव यू टू बोल दिया. इसके कुछ दिनों बाद अमीन ने मुझे अपने घर ले जाकर अपनी अम्मी और अबू से मिलाया.'' इसके कुछ दिन बाद अमीन ने यह कहकर पीड़ता को अपने घर बुलाया कि उसके भाई की बेटी बीमार हैं, उसे देखने के लिए अस्पताल जाना हैं. जब पीड़िता अमीन के घर पहुंची, तो वहां अमीन के अलावा कोई नहीं था. इसी बात का फायदा उठाते हुए अमीन ने मुझे आत्महत्या करने का डर दिखा कर मेरे साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए. उसके बाद 21 जून 2022 को अमीन गाड़ी लेकर पीड़िता के घर के बाहर आया और उसे मिलने के लिए बुलाया. गाड़ी में अमीन के साथ दो और लड़के बैठे हुए थे.

युवती ने बताया, ''मेरे गाड़ी में बैठते ही एक लड़के ने मुझसे कहा कि हमें मस्जिद से भेजा गया है, आपको लाने के लिए, आज आप धर्म परिवर्तन करने वाले हो, उसके बाद मुझे बांद्रा एक काजी के पास लेकर गए जहां. काजी ने मेरा नाम बदल कर राहिमा रखते हुए 100 रुपये के तीन स्टेम्प पेपर पर मेरा साइन लिया. दूसरे दिन जब मैं अमीन के घर गई, तो उसकी मां ने मुझे देखते ही कहा- इसे क्यों घर लाया है, जब तेरी पहली बीवी घर में मौजूद है. तब अमीन ने मुझे बताया कि उसकी पहले शादी हो चुकी है. और जिस बच्ची को उसने उससे भाई की बच्ची बता कर मिलाया था, वो उसकी है.'' पीड़िता ने बताया कि इसके बाद अमीन और उसके घर वालों का अत्याचार बढ़ता चला गया. अमीन, उसे जबरन घर में बंद करके रखता था, जहां से एक बार पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद उसे छुड़ाया था.




# विरार में 52 जुआरियों पर हुई कार्रवाई



**ठाणे :** एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत विरार पुलिस ने जुआर के अड्डे पर छापा मारकरके कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि इस वर्ष की सबसे बडी जुआरियों पर कार्रवाई की गयी है,जिसमे 52 लोगो पर केस दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार,परिमंडल 3 डीसीपी सुहास बावचे व एसीपी रामचंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में विरार पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र कांबले के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी - कर्मचारी द्वारा चोरगे वाड़ी,वर्तक रोड,विरार पश्चिम स्थित जुआर के अड्डे पर रेड की। आरोपियों पर विरार थाने में मुंबई जुआर कलम 4,5 सह कलम 283,188,34 के तहत केस दर्ज किया गया है। आगे की तहकीकात पुलिस कर रही है।

# महाराष्ट्र / विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हुए शरद पवार,

## बीजेपी का जिक्र करते हुए दिया ये बड़ा बयान



**महाराष्ट्र :** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने बेंगलुरू में विपक्षी दलों की बैठक में बड़ा बयान दिया. उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहां कि सब मिलकर बीजेपी को हराएंगे. इससे पहले शरद पवार पटना में भी विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हुए थे. वहां भी उन्होंने विपक्षी एकता पर जोर दिया था. पटना में शरद पवार ने उद्धव ठाकरे से गठबंधन का हवाला देते हुए कहा था कि दोनों दलों की विचारधारा अलग-अलग थी, दोनों एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़े लेकिन बाद में मिलकर सरकार बनाई. वहीं शरद पवार ने ट्वीट करते हुए कहा, ह्वबेंगलुरु में विपक्षी दलों की संयुक्त बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री के साथ शामिल हुए. अरविंद केजरीवाल, सीपीआई (एम) नेता सीताराम येचुरी, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस नेता श्री डेरेक ओह्णब्रायन और विभिन्न विपक्षी गणमान्य व्यक्ति. इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने फैसला लिया कि हम लड़ेंगे और हम जीतेंगे.''

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) - शरद पवार द्वारा स्थापित इस पार्टी को पटना में विपक्षी दलों की बैठक के बाद विभाजन का सामना करना पड़ा है. शरद पवार के भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाला धड़ा बीजेपी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गया है. शरद पवार गुट वर्तमान में कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के साथ महाराष्ट्र में विपक्ष का हिस्सा है. अजित पवार और उनके समर्थक 15 विधायकों ने सोमवार (17 जुलाई) को मुंबई के वाई बी चव्हाण सेंटर में शरद पवार से मुलाकात की थी और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा था कि पार्टी एकजुट रहे. हालांकि, एनसीपी प्रवक्ता ने कहा कि ऐसी बैठकों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि अलग हुए समूह का कदम ठीक नहीं था और इससे विश्वास में कमी आई है. दो जुलाई को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले अजित पवार और उनके समर्थक विधायकों की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख के साथ दो दिन में यह दूसरी बैठक थी.

## महाराष्ट्र में दर्दनाक सड़क हादसा:

# तेज रफ्तार ट्रक ने जीप को मारी टक्कर, चार लोगों की मौत




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया हैं, जहां कंटेनर से भरे ट्रक ने एक जीप को टक्कर मारी दी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने इस बात की जानकारी दी। पुलिस पुलिस नियंत्रण कक्ष से एक अधिकारी ने बताया कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने जीप को टक्कर मार दी जिसके बाद वाहन करीब 100 मीटर तक घिसटता चला गया और पलट गया। पडघा थाने के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि दुर्घटना भिवंडी तालुका के पडघा क्षेत्र में खडोली मोड़ पर भारी बारिश के बीच सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई।

नियंत्रण कक्ष के अधिकारी ने बताया कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और जीप चालक समेत आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने के बाद कुछ स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल लोगों को भिवंडी के आईजीएम अस्पताल और कलवा के एक सरकारी अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

## महाराष्ट्र में अगले 12 दिन भारी बारिश,

# इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट



**महाराष्ट्र :** अब भी महाराष्ट्र के कई जिलों में बारिश नहीं हुई है, इस वजह से खेती के काम भी रुके हुए है। लेकिन आज हम आपके लिए महाराष्ट्र मानसून से जुड़ी एक अच्छी खबर लाए है। अगले कुछ दिनों में पुरे महाराष्ट्र भर में भारी बारिश की संभावना है। जी हां मराठवाड़ा के 8 जिलों में अगले 12 दिनों तक भारी बारिश की आशंका है।

आपको बता दें कि अगले 5 दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। पुणे, रत्नागिरी और रायगढ़ समेत विदर्भ के 4 जिलों में आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में आज भारी बारिश की संभावना है। वहीं विदर्भ के अन्य जिले भी येलो अलर्ट पर हैं और भारी बारिश होगी। गौरतलब हो कि पुणे में लगातार अगले 4 दिनों तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है और जिले में भारी बारिश की आशंका है। मुंबई में भी अगले 2-3 दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने नागरिकों से सावधान रहने की अपील की है।

# पुणे में हैवान बनी पत्नी!

## भाई से पैसे वापस मांगे तो पति पर डाला खौलता पानी फिर...

**महाराष्ट्र :** आए दिन महाराष्ट्र में अपराध की घटनाएं बढ़ती ही जा रही है। ऐसे में अब पुणे से एक होश उड़ा देने वाली खबर सामने आई है। दरअसल एक महिला ने अपने पति पर नाराज होकर गर्म पानी फेंक दिया। वजह ये थी कि पत्नी के भाई से पति ने उधार दिए हुए पैसे वापस मांगे। मिली जानकारी के मुताबिक, शख्स ने अपने बीवी के भाई को 2 लाख 40 हजार उधार दिए हुए रुपये वापस मांगे थे। बीवी द्वारा उन पर खौलते पानी से हमले के बाद अब उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। अधिक जानकारी के मुताबिक घटना गुरुवार (13 तारीख) सुबह



करीब 3:30 बजे की है।ऐसे में अब इस मामले में पीड़ित पति महादेव जाधव (30, निवासी शिवणे) ने वारजे पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। इसके मुताबिक पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। महादेव और उसकी पत्नी दोनों शिवने इलाके में सब्जी बेचने का काम करते हैं। जी हां महादेव ने कुछ दिन पहले अपने साले को 240 हजार रुपये उधार दिए थे। ऐसे में यह पैसे वापस मांगने की बात पर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। घटना के दिन, महादेव जाधव सो रहे थे जब उनकी पत्नी ने उन पर गर्म खौलता पानी डाल दिया। इसमें महादेव जाधव 50 फीसदी जल गये। ऐसे में अब उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सहायक पुलिस निरीक्षक रमेश बाबर मामले की आगे की जांच कर रहे हैं। फिलहाल इस दिल दहला देने वाली घटना से पुणे में सनसनी मच गई है। गनीमत ये रही कि पीड़ित शख्स की जान बच गई।




# 'जवाब देने की जरूरत नहीं', राहुल नार्वेकर के नोटिस पर उद्धव ठाकरे गुट ने दी ऐसी प्रतिक्रिया...

**ठाणे :** उद्धव ठाकरे गुट से खबर है कि शिवसेना विधायकों की अयोग्यता को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के नोटिस का ठाकरे गुट जवाब नहीं देगा. 16 विधायकों की अयोग्यता को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने शिवसेना के दोनों गुटों के विधायकों को नोटिस भेजकर 14 दिन के भीतर जवाब देने को कहा है. हालांकि, समय सीमा खत्म होने के बाद भी ठाकरे समूह ने इस नोटिस का जवाब नहीं दिया. इस बीच शिंदे की शिवसेना ने विधानसभा अध्यक्ष के नोटिस का जवाब दिया है.

क्या है मामला?



हमने शिवसेना के शिंदे गुट के 16 विधायकों की अयोग्यता को लेकर कार्रवाई की मांग की है. इसलिए, ठाकरे समूह ने राय व्यक्त की है कि केवल 16 विधायकों को नोटिस का जवाब देने की आवश्यकता नहीं है. इसलिए, ठाकरे गुट ने यह रुख अपनाया है कि शिवसेना के बाकी दोनों गुटों के विधायकों को नोटिस का जवाब देने की कोई जरूरत नहीं है.

एबीपी माझा के अनुसार, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए ठाकरे समूह की याचिका विधानसभा अध्यक्ष को सौंपी गई है. इसके लिए ठाकरे ग्रुप कई बार रिमाइंडर भी दे चुका है. सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि विधायकों की अयोग्यता पर विधानसभा स्पीकर फैसला लें.

## बांध में तीन बच्चे डूबे, एक की मौत, दो को बचाया गया

**वसई-विरार।** फुलपाड़ा में पापड़खिंड बांध में तीन बच्चे डूब गए। स्थानीय लोगों ने उनमें से दो को बचा लिया, लेकिन 11 वर्षीय लड़के की मौत हो गई।घटना रविवार शाम की है। मिली जानकारी के अनुसार, विरार के पूर्व फूलपाड़ा में पापड़खिंड नाम का एक महानगरपालिका बांध है,रविवार को छुट्टी होने के कारण वसंत बोराडे अपनी पत्नी, बेटे और पड़ोस के दो अन्य बच्चों के साथ पापड़खिंड बांध पर टहलने गए थे।

## उत्तर भारतीय समाज का स्नेह मिलन सम्मेलन हुआ संपन्न

**मुंबई।** वरिष्ठ समाज सेवक एलबी सिंह द्वारा पवई स्थित एक्सएल प्लाजा में एक समारोह का आयोजन रविवार को किया गया था। इस दौरान काफी संख्या में उत्तर भारतीय समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। इस समारोह में सभी पार्टियों के उत्तर भारतीय नेता शामिल हुए थे। उन्होंने अपने समाज से मिलने के लिए यह समारोह आयोजित किया था।

इस अवसर पर डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह, आरपी सिंह (राजपूत संघ,) शिवराज लाल सिंह, संजय शर्मा, अरशद अमीर, प्रभाकर सिंह ( पप्पू), रवि सिंह, के एन सिंह, शिदनाथ सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता आरडी यादव, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा मुंबई के अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दयाशंकर सिंह, राजेंद्र सिंह, हाकिम सिंह, भाजपा उत्तर उत्तर भारतीय मोर्चा मुलुंड अध्यक्ष विजय प्रकाश सिंह, महामंत्री विजय प्रताप सिंह, महामंत्री योगेंद्र सिंह, मंत्री राजेश गुप्ता , रितेश यादव, बाबू सिंह के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।इस दौरान कई विषयों पर चर्चा की गई।

## ठाणे शहर में कार में लगी आग... कोई हताहत नहीं

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में मंगलवार को एक व्यस्त सड़क पर कार में आग लग गई। एक यातायात पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी और कहा कि इस हादसे में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है। कपूरबावडी यातायात पुलिस विभाग के निरीक्षक आर ए वाणी ने बताया कि यह घटना सुबह की है, जब 55 वर्षीय एक व्यक्ति घोड़बंदर रोड पर अपनी कार से जा रहे थे। उन्होंने बताया कि कार चालक ने अपने वाहन से धुआं निकलते देखा और तुरंत उन्होंने अपनी कार सड़क के किनारे रोक दी। उनके कार से निकलते-निकलते गाड़ी आग की लपटों में घिर चुकी थी। नगर निकाय आपदा प्रबंधन



प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि स्थानीय दमकलकर्मी और आपदा प्रबंधन का दल मौके पर पहुंचा और सुबह करीब 10 बजे आग पर काबू पा लिया लेकिन कार पूरी तरह जल गई। उन्होंने बताया कि वाहन के पास खड़ी एक अन्य कार भी आग में क्षतिग्रस्त हो गई। कार में आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## बिना रिटायरमेंट के ही छुट्टी काट रहे हैं कार्यक्षम अधिकारी

**लंबे समय से कर रहे पोस्टिंग का इंतजार**

**मुंबई।** पिछले दिनों मुंबई शहर से प्रमोट होकर डीवाइएसपी बने करीब एक दर्जन पुलिस अधिकारी व आधा दर्जन के करीब आईएएस अपनी ड्यूटी के इंतजार में बैठे होने की जानकारी मिली है।बताया जाता है की यह ईडी सरकार की एक नाकामयाबी निशानी है।

गौरतलब है की गत दिनों मुंबई शहर के अलग अलग पुलिस थानो के कई वरिष्ठ पुलिस निरिक्षको को प्रमोट कर उन्हें डीवाइएसपी के पोस्ट पर नियुक्ति की घोषणा राज्य के गृह विभाग द्वारा किया गया था।जिनमे से एक दर्जन के करीब अधिकारियो को जिस जगह पर पोस्टिंग दिखाई गई थी।उन्हें आज दिनांक तक पोस्टिंग नहीं मिल पाई है।क्योंकि उक्त स्थलो पर कुछ कुर्सी पकड़ अधिकारी अभी भी अपना कब्जा जमाए बैठे हैं।

इसी तरह सरकार ने राज्य सरकार के चार आईएएस अधिकारियो की भी बदली कर उन्हें दूसरे स्थान के पदों पर नियुक्त किया गया था।जिन्हें आज दिनांक तक उक्त स्थानों पर नियुक्ति नहीं की गई है।जहां वे पहले कार्यरत थे वहां भी आनन फानन में दूसरे अधिकारी आकर पदभार स्वीकार कर लिया है।

जिससे उक्त चार अधिकारी भी अपनी ड्यूटी के इंतजार में करीब एक माह से बैठे हुए हैं। जिनमे 1994 बैच की आईएएस अधिकारी डॉ. सोनिया सेठी,2002 बैच के आईएएस प्रवीण गेडाम,2009 बैच के आईएएस अधिकारी सातारा जिला अधिकारी रहे रुचेश जयवंशी व 2019 बैच के आईएएस अधिकारी वैभव वाघमारे का समावेश बताया जाता है।सूत्रों का दावा है की यह सब ईडी सरकार की नाकामी का नतीजा है की कार्यक्षम अधिकारी बेकार बैठने को मजबूर हैं। जिससे उनमे राज्य सरकार के खिलाफ असंतोष फैल रहा है।

## नालासोपारा स्टेशन पर चेकिंग में चार घंटे मे 241 यात्री बेटिकट पकड़े गय

**वसई।** पश्चिम रेलवे अंतर्गत नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग दस्ता तैनात कर फोर्ट्रेस (किलेबंदी कर) टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया,जिसमे बड़ी संख्या में रेल यात्रियों पर कार्रवाई की गयी।यह अभियान मात्रा 4 घन्टे चलाया गया,ऐसे में रेल यात्रियों पर कार्रवाई जर्बदस्त की गयी व विभाग को राजस्व की प्राप्ति हजारों रुपए में हुई है।यह कार्रवाई वाणिज्य विभाग व आरपीएफ के साथ चेकिंग की गई। बताया गया है कि अभियान के दौरान शाम 4 बजे देर रात्रि 8 बजे तक बिना टिकट के यात्रा करने वाले 241 यात्रियों पकड़े गए, जिनसे जुमार्ने के रूप में लगभग 69160 रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई।फिलहाल,उक्त अभियान आरपीएफ स्टाफ सहित टीटीई स्टाफ मौजूद थे।



## नकली पुलिस बनकर मजदूर को लूटा, फरार

**मुंबई।** विक्रोली पुलिस की हद में गांव पैसे भेजने जा रहे एक मजदूर से पुलिस बनकर दो लोगो ने लूट की है। जिसकी शिकायत दर्ज कर असली पुलिस उन दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

गौरतलब है की विक्रोली पुलिस के टैगोर नगर इलाके में विजय शाम यादव (28) नामक मजदूरी करने वाला



युवक 15 जुलाई को अपने मूल गांव मनी ट्रांसफर करने गया था।मनी ट्रांसफर की दूकान बंद देख वह अपने घर पैदल जा रहा था। इसी बीच उसे दो लोग मिले जो खुद को पुलिस वाला होने की बात किए।उसके बाद उन दोनों ने इधर उधर की बात कर यादव को अपनी बातो में उलझा कर यादव के जेब में हाथ डाल कर उसके पैसे निकाल कर दोनों फरार हो गए।जब तक यादव चिल्लाता तब तक आरोपी रफूचक्कर हो गए।

इस बात की शिकायत विजय यादव ने पुलिस से की। विक्रोली पुलिस थाने के पीएसआई नरके ने यह मामला अपराध क्रमांक 227/2023 भादवीं 170,420 व 34 के तहत मामला दर्ज किया है।पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर इस मामले की जांच श्री नरके व उनकी टीम कर रही है।

# भारत में चीन और हॉन्गकॉन्ग से आ रहा 96 प्रतिशत लीथियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने हाल में 30 क्रिटिकल मिनरल्स की एक लिस्ट बनाई है। इसमें ऐसे मेटल्स को शामिल किया गया है जो देश की इकनॉमिक ग्रोथ और नेशनल सिक्योरिटी के लिए अहम हैं। इनमें लीथियम भी शामिल है जिसे नए जमाने को गोल्ड कहा जाता है। इसका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वीकल्स की बैटरी, मोबाइल फोन, लैपटॉप, हाइड्रोजन फ्यूल स्टोरेज, एयर कंडीशनिंग सिस्टम्स और फार्मास्यूटिकल्स में होता है। देश में कई इंडस्ट्रीज इस एक मेटल पर निर्भर हैं लेकिन भारत में अब तक इसका एक किलो भी उत्पादन नहीं होता है। हाल में जम्मू एवं कश्मीर ने 59 लाख टन लीथियम का भंडार मिला है लेकिन इससे उत्पादन शुरू होने में अभी समय लगेगा। अभी भारत चीन और हॉन्ग कॉन्ग से लीथियम आयन का आयात करता है जिसका इस्तेमाल बैटरी में होता है।

2020-21 में भारत के लीथियम आयात में चीन की हिस्सेदारी 73 परसेंट थी। अगर हॉन्ग कॉन्ग को भी मिला दिया जाए तो यह 96 परसेंट बैठती है। लीथियम के अलावा कोबाल्ट, निकल, वैनेडियम, नियोबियम, जरमैनियम, रेनियम, टैंटालम और स्ट्रोनियम




जैसे क्रिटिकल मिनरल्स के लिए भी भारत पूरी तरह आयात पर निर्भर है। साथ ही कॉपर, गैलियम, ग्रेफाइट, फॉस्फोरस, पोटाश, टिन, टाइटैनियम और टंगस्टन जैसे मेटल्स भी भारत इम्पोर्ट करता है। इनका इकनॉमिक अहमियत बहुत ज्यादा है लेकिन इनके साथ सप्लाई का रिस्क भी जुड़ा है। निजी कंपनियों ने सरकार की पहल का स्वागत किया है लेकिन उनका कहना है कि इसके लिए एक स्पष्ट नीति की जरूरत है।

### क्या चाहती है इंडस्ट्री

इनमें से कुछ मेटल्स की डिमांड में भारी तेजी आने की उम्मीद है लेकिन सप्लाई चेन में मामूली बाधा बहुत भारी पड़ सकती है। इससे हाई-टेक इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलिकम्युनिकेशंस, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस इंडस्ट्रीज प्रभावित हो सकती है। इंडस्ट्री के अनुमानों के मुताबिक लीथियम की डिमांड में 2020 से 2040 के बीच 42 गुना और कोबाल्ट की डिमांड में 25 गुना तेजी आने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिक टू वीलर बनाने वाली कंपनी एथर एनर्जी के सीईओ तरुण मेहता ने कहा कि सरकार ने सप्लाई चेन में रिस्क कम करने के लिए पहला कदम उठाया है। मेटल्स की माइनिंग और रिफाइनिंग के लिए इंडस्ट्रीज को इन्सेंटिव देना चाहिए।

दुनिया में कोबाल्ट, कॉपर, ग्रेफाइट, लीथियम, मैगनीज, निकल और रेयर अर्थ एलिमेंट का कम से कम 55 परसेंट भंडार 15 देशों के पास है। इनमें ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चिली, चीन, कॉन्गो, गैबन, इंडोनेशिया, मेडागास्कर, मोजाम्बिक, न्यू कैलेडोनिया, पेरू, फिलीपींस, रूस, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका शामिल हैं। इनमें से हर मिनरल की नए जमाने की इंडस्ट्रीज में काफी अहमियत है। भारत के पास इसमें से कोई भी मिनरल नहीं है। ऐसे में भारत को नए डिपॉजिट्स खोजने होंगे या विदेशों से गारंटीड सप्लाई सुनिश्चित करनी होगी। इकनॉमिस्ट प्रवण सेन का कहना है कि भारत को कुछ क्रिटिकल मटीरियल्स का भंडार बनाना चाहिए। सरकारी और इंडस्ट्री के अनुमानों के मुताबिक 2030 तक भारत के ईवी मार्केट के एक करोड़ यूनिट के पार पहुंचने का अनुमान है। 2022 में यह 10 लाख यूनिट था। लेकिन यह तभी संभव होगा जब सप्लाई में कोई बड़ी अड़चन न आए। बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम्स में लीथियम की अहम भूमिका है। लीथियम की आसान और किफायती उपलब्धता से स्टोरेज बैटरीज की कीमत में भी कमी आएगी। इलेक्ट्रिक वीकल की कुल कीमत में 60 फीसदी हिस्सा बैटरी का ही होता है। इसी तरह देश में कॉपर और निकल की रिफाइनिंग से वीकल की कीमत में 15,000 से 20,000 रुपये की कमी हो सकती है।

कोबाल्ट का इस्तेमाल बैटरी के इलेक्ट्रोड्स, टरबाइन इंजन कंपोनेंट्स और ऑटोमोबाइल एयरबैग्स में होता है। इसी तरह निकल की सोलर पैनल, बैटरीज, एयरोस्पेस और डिफेंस एप्लिकेशन तथा ईवी में अहम भूमिका है। भारत इन दोनों का आयात करता है। इन मिनरल्स की प्रोसेसिंग में चीन का दबदबा है। यूरोप भी अब तेजी से इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। दुनिया में 70 परसेंट कोबाल्ट का उत्पादन कॉन्गो में होता है।

## स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड का बढ़ा आकर्षण, जून तिमाही में निवेशकों ने लगाए 11,000 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निवेशक अब बड़ी कंपनियों (लार्ज-कैप) की तुलना में छोटी कंपनियों (स्मॉल-कैप) में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंड को तरजीह दे रहे हैं और उन्होंने अप्रैल-जून तिमाही में इन योजनाओं में करीब 11,000 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। विश्लेषकों ने बताया कि ऐसा इसलिए है क्योंकि कोष प्रबंधक बड़ी कंपनियों में पैसे लगाकर बेहतरीन परिणाम नहीं दे सके और ये रुझान आगे भी कुछ समय तक बने रहने का अनुमान है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से पता चलता है कि लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड से समीक्षाधीन तिमाही के दौरान 3,360 करोड़ रुपए की निकासी हुई। जून तिमाही से पहले मार्च तिमाही में स्मॉल-कैप कोषों में 6,932 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था। क्लाइंट एसोसिएट्स के सह-संस्थापक हिमांशु कोहली ने कहा, ''पिछले कुछ महीनों में मिड-कैप और स्मॉल-कैप सूचकांकों में मजबूत तेजी आई है और इसकी वजह यह है कि लार्ज-कैप क्षेत्र में बेहतरीन नतीजे देना मुश्किल हो रहा है। स्मॉलकैप कोषों में भारी निवेश की यह एक वजह हो सकती है। उन्होंने कहा कि इन कोषों में भारी निवेश ने कोष प्रबंधकों को अपने शेयरों के चयन में अधिक सतर्क कर दिया है, क्योंकि इनका मूल्यांकन बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा बाजार में हमेशा होता है, क्योंकि कोष मैनेजर हमेशा अच्छी कीमत पर शेयरों की तलाश करते हैं। आनंद राठी वेल्थ के उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फिरोज अजीज ने कहा कि निवेशक स्मॉल-कैप को इसलिए प्राथमिकता दे रहे हैं, क्योंकि उनमें जोखिम मिड-कैप के समान ही है, लेकिन रिटर्न या प्रतिफल की क्षमता अधिक है। म्यूचुअल फंड क्षेत्र में स्मॉल-कैप श्रेणी ने एक साल में 30-37 प्रतिशत, तीन साल में 40-44 प्रतिशत और पांच साल में 18-21 प्रतिशत की सालाना की दर से बेहतरीन रिटर्न दिया है।




## कैपिटल ग्रुप का विश्लेषण: देश के लिए शुभ यह दशक, प्रगति के लंबे दौर के प्रवेश द्वार पर भारत की दस्तक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या यह भारत के जगमगाने का दशक है। भारत में निवेश के माहौल पर कैपिटल ग्रुप ने अपना ताजा विश्लेषण इसी सवाल से शुरू किया। फिर खुद ही जवाब में कहा कि उसे विश्वास है भारत प्रगति के एक लंबे दौर के प्रवेश द्वार पर खड़ा है। इतने बड़े लोकतंत्र में 10 साल से राजनीतिक स्थिरता है। आर्थिक गतिविधियों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है। अगले साल आम चुनाव होने वाले हैं। इसका कुछ असर हो सकता है, लेकिन निवेशक लगातार भारत का रुख कर रहे हैं। अमेरिका की राजकीय यात्रा में पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को संबोधित किया। शीर्ष कारोबारियों से मिले। ये इशारा है कि भारत सही दिशा में बढ़ रहा है। कॉरपोरेट जगत का विश्वास उच्चतम स्तर पर है। भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। तकनीकी नवाचार प्रगति के नए क्षेत्र खोल रहे हैं। हाल ही में इन्वेस्को ने दावा किया कि निवेशकों के लिए भारत 2023 में चीन को पछाड़कर उभरते बाजारों में सबसे आकर्षक गंतव्य बन चुका है। दुनिया में 2.2 लाख डॉलर के एसेट का प्रबंधन कर रहे कैपिटल ग्रुप ने



विश्लेषण में भारत के लिए सकारात्मक हालात को कई बिंदुओं में सामने रखा, जो इस प्रकार हैं...

2014 में सत्ता में आते ही प्रधानमंत्री मोदी ने कारोबारी हित में सुधार शुरू किए। 100 करोड़ से अधिक नागरिकों के आधार डाटाबेस ने कर्ज पाने की प्रणाली सुधारी। 2017 में जीएसटी लागू कर टैक्स प्रणाली को चुस्त किया। डिजिटाइज्ड व्यवस्था से कच्चे माल, वस्तुओं और सेवाओं को ट्रैक किया जाने लगा। औपचारिक विनिर्माण और औद्योगिक क्षेत्र का दायरा बढ़ा। 2016 में लॉन्च यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भुगतान प्रणाली आसान बनाई। बैंक और गैर-बैंकिंग संस्थानों से लेकर आम नागरिकों तक के लिए इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन आसान हुआ। कर्ज प्रक्रिया भी सुधरी। बुनियादी ढांचे के लिए निवेश में बूम 5 साल में सरकार ने सड़क, रेलवे ट्रैक, हवाईअड्डों और बंदरगाहों के निर्माण-विकास में करोड़ों खर्च किए हैं। मुंबई-सूरत की 170 किमी दूरी तय करने में 10 साल पहले 12 घंटे लगते थे, आज 6 लेन हाईवे ने यह समय 6 घंटे कर दिया है। मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, कंप्यूटर आदि के भारत में निर्माण को महत्व दिया गया। आज जो वैश्विक कंपनियां चीन के अलावा कहीं और अपनी आपूर्ति श्रृंखला बनाना चाहती हैं, उन्हें भारत में संभावना नजर आ रही है। इनका फायदा भारतीय कंपनियों को भी होगा। रोजगार बढ़ाने में मदद मिल रही है।

भारतीयों की 29 वर्ष की औसत आयु निवेशकों को आकर्षित में अहम कारक है। उन्हें घरेलू खपत के लिहाज से भी भारत बड़ा बाजार नजर आ रहा है। दिसंबर, 2022 तक भारतीयों ने 108 यूनिकॉर्न खड़े किए हैं। यूनिकॉर्न की संख्या में आज हम दुनिया में तीसरे हैं तो इसमें घरेलू खपत का अहम योगदान है। दूसरे स्थान पर मौजूद चीन में 172 और प्रथम स्थान पर काबिज अमेरिका में 644 यूनिकॉर्न हैं।

### चिप व केमिकल उद्योग में चीन का विकल्प

विकसित देश अपने लिए चीन के अलावा केमिकल आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत चाहते हैं। बीते दशक में कई केमिकल कंपनियों ने भारत का रुख किया। ई-वाहनों की बैटरी से लेकर सेमीकंडक्टर के लिए कई देश एवं कंपनियां भारत की ओर देखने लगी हैं। 'चाइना प्लस वन' नीति से भारत द्वारा चीन के लिए चुनौती बनने में कई वर्ष लगेंगे, लेकिन फिलहाल इसमें सबको फायदा नजर आ रहा है।

### आदिवासियों का आरोप- भाजपा विधायक ने 19 एकड़ जमीन हड़पी

# उनके दादा डेरा डालने आए थे, हमने पनाह दी, उन्होंने हमारा घर छीन लिया

**सीधी।** सीधी से 20 किलोमीटर दूर हड़बड़ो गांव। आबादी 5 हजार से ज्यादा। इनमें 4 हजार लोग आदिवासी हैं। इन्हीं आदिवासी परिवारों में 25 लोगों का एक परिवार ऐसा भी है जो अपने क्षेत्रीय विधायक पर जमीन हड़पने का आरोप लगा रहा है। उनका आरोप है कि विंध्य के कद्दावर भाजपा नेता और विधायक केदारनाथ शुक्ला ने उनकी 19 एकड़ से ज्यादा पुश्तैनी जमीन पर कब्जा कर लिया है। इस कब्जे का बाद उनके पास 6-7 एकड़ जमीन बची थी, जिसमें उनका कच्चा घर बना था। मौजूदा विधायक ने साल 1995 में अपने पॉलिटिकल पावर का इस्तेमाल कर वो जमीन भी अपने नाम करा ली है। इन आरोपों की सच्चाई जाने के लिए दैनिक भास्कर हड़बड़ो गांव पहुंचा तो पीड़ित लोगों ने वो दस्तावेज भी दिखाए जिसमें लिखा है कि ये जमीन उनकी थी। रामसाह सिंह ने बताया कि आज हमारी उम्र 75 साल है। जब हम छोटे थे तब विधायक के पिताजी यहां डेरा डालने आए थे। उनके पास रहने के लिए भी जगह नहीं थी। उनके पिताजी अवधशरण को हमारे बाबा (दादा) ने अपने यहां पनाह दी थी। उनका यहां कुछ भी नहीं था। हमने उनको अपनी




जमीन दी, घर बनवाया और फिर वो यहीं रहने लगे। उनका कच्चा घर आज भी यहां बना हुआ है। उनके पिताजी के 2 बेटे थे। केदारनाथ और मार्कण्डेय। दोनों यहीं पढ़े-लिखे, राजनीति में आ गए फिर हमारी पूरी जमीन पर कब्जा कर लिया। हम बिना पढ़े-लिखे, साधारण लोग हैं। हमने दिमाग नहीं लगाया, न ही समझ पाए। पुराना नक्शा दिखाते हुए गुलाब सिंह ने बताया कि हम हड़बड़ो गांव में रहते हैं। यहां पुराने बंदोबस्ती खसरा क्रमांक 246 रकबा 19.41 एकड़ जमीन, हमारी थी। 1956 से लेकर 1961 तक के खसरे में जमीन हमारे दादा महकम सिंह पिता अहीवरण सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड थी। वो इस जमीन के मालिक थे, बाद में हमारी इस खसरे नंबर 246 रकबा 19.41 एकड़ जमीन को टुकड़ों में बांट दिया गया। उस जमीन का खसरा नंबर 246/1, 246/2, 246/3 हो गया। फिर साल 1972 के अधिकार अभिलेख के दौरान मौजूदा विधायक ने राजस्व कर्मचारियों से सांठ-गांठ कर बिना किसी सक्षम अधिकारी के खसरा नंबर 246/2 वाली जमीन का नंबर 373 करवा लिया और 2.41 एकड़ जमीन अपने नाम पर करा ली। इसके अलावा खसरा नंबर 246/3 को 374 करा लिया। उस खसरे की 15 एकड़ जमीन अपने भाई मार्कण्डेय शुक्ला के नाम पर करा ली। जब हमें इस बात की जानकारी लगी तो हमने अपनी गोपद बनास तहसील जा कर शिकायती आवेदन दिया। गुलाब सिंह ने आगे बताया कि ये गोपद बनास तहसील कार्यालय जिला कलेक्ट्रेट सीधी के कार्यालय परिसर में ही है। एसडीएम, तहसीलदार यहीं बैठते हैं। हमने इनको धारा 170 (ख) मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन दिया कि हमारी कब्जाई जमीन वापस दिलाई जाए। हमारी शिकायत न्यायालय के अनुविभागीय अधिकारी मालवीय साहब, रजावत साहब और नीलांबर मिश्रा साहब कर रहे थे। विधायक केदारनाथ शुक्ला ने अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया। अपने दूर के रिश्तेदार नीलेश शर्मा का ट्रांसफर करा कर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, गोपद बनास तहसील का पीठासीन अधिकारी बनवा दिया। नीलेश शर्मा ने आते ही तहसीलदार से मौके की स्थिति के विपरीत जांच प्रतिवेदन मंगवाया। हमें साक्ष्य और दस्तावेज प्रस्तुत करने का समय दिए बिना 3 मार्च 2023 को आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया गया। इस तरह विधायक ने हमारी 17.41 एकड़ जमीन को हड़प लिया। हम जानना चाहते हैं कि 1972 के राजस्व अभिलेखों में हम आदिवासियों की जमीन गैरआदिवासी के नाम पर कैसे हो गई। गुलाब सिंह ने आगे बताया कि ये पूरी जमीन हमारे दादा के नाम पर थी। अब ये जमीन उनकी संतानों के नाम पर आएगी। दादा के दो बेटे थे। रामस्नेही और रामसाह सिंह। रामस्नेही का निधन हो गया है। मैं और मेरे 2 भाई उन्हीं के बेटे हैं। दादा के दूसरे बेटे रामसाह सिंह जी अभी जिंदा हैं। उम्र करीब 75 साल है। उनके भी चार बेटे हैं। हम सबकी पत्नियां हैं। सबके बच्चे भी हैं। कुछ बच्चों की भी शादियां हो गई हैं। हमारा 30 से ज्यादा लोगों का परिवार है। हमारे पास जमीन नहीं रहेगी तो हम कहां जाएंगे।

### बीना के पास आरकेएमपी-निजामुद्दीन वंदे भारत ट्रेन में आग लगी

# यात्रा कर रहे थे कई वीआईपी, सभी सेफ; सवा तीन घंटे की देरी से रवाना

**भोपाल।** रानी कमलापति से निजामुद्दीन जा रही वंदे भारत ट्रेन के ष्ट-14 कोच में सोमवार सुबह आग लग गई। आग कोच के नीचे लगे बैटरी बॉक्स में लगी थी। बीना रेलवे स्टेशन से पहले ट्रेन को रोका गया। सभी पैसेंजर्स को सुरक्षित निकाला गया। फायर ब्रिगेड और रेलवे की टीम 58 मिनट में आग पर काबू पा सकी। सवा तीन घंटे की देरी से ट्रेन रवाना हुई। 20171 वंदे भारत ट्रेन सोमवार सुबह 5.40 बजे रानी कमलापति (क्र्यख्क्) से रवाना हुई। कल्हार रेलवे स्टेशन से गुजरते समय ट्रेन से धुआं उठता देखा गया। गार्ड के कहने पर लोको पायलट ने बीना रेलवे स्टेशन से पहले कुरवाई केथोरा में ट्रेन खड़ी कर दी। इस समय सुबह के 7.10 बज रहे थे। फायर ब्रिगेड को पहले ही सूचना दे दी गई थी। ष्ट-14 कोच में 36 यात्री थे। टीम ने सुबह 7.58 बजे आग बुझा ली। इसके बाद कोच से बैटरी बॉक्स को अलग किया गया। ष्ट-14 की इलेक्ट्रिक सप्लाई बंद कर दी गई। इसके पैसेंजर्स को ष्ट-2 में शिफ्ट कर ट्रेन को सुबह 10.19 पर रवाना किया गया। इस बीच ट्रेन में ही पैसेंजर्स को फूड सप्लाई किया गया। कुरवाई केथोरा से रवाना होने के बाद ट्रेन को



बीना रेलवे स्टेशन पर रोका गया है। यहां 10 मिनट चेकिंग के बाद ट्रेन को रवाना किया गया। सुबह 7.10 बजे आग लगने पर वंदे भारत ट्रेन को बीना से पहले कुरवाई में रोका गया। सुबह 7.10 बजे आग लगने पर वंदे भारत ट्रेन को बीना से पहले कुरवाई में रोका गया। वंदे भारत ट्रेन में कांग्रेस नेता अजय सिंह, ढ्ढस् अविनाश लवानिया सहित कई अन्य ब्यूरोक्रेट्स और नेता सफर कर रहे थे। घटना के बाद पूरी ट्रेन को खाली करा लिया गया। ष्ठक्रू भोपाल सौरभ बंदोपाध्याय ने बताया, %धुआं उठता देख गार्ड ने ट्रेन रुकवाई।% ष्टक्क्रह्र राहुल श्रीवास्तव ने बताया, %ट्रेन लेट होने पर पैसेंजर्स के लिए एक्सट्रा फूड के लिए इंतजाम किया जा रहा है। भोपाल रेल मंडल सौरभ बंदोपाध्याय ने बताया कि घटना की जांच पांच सदस्यीय कमेटी करेगी। इसमें सीनियर डिवीजनल सेफ्टी ऑफिसर, सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर, सीनियर डिवीजनल ऑपरेशनल मैनेजर, सीनियर डीएससी (कमांडेट) को शामिल किया है। पूरी ट्रेन का टेक्निकल सेफ्टी ऑडिट दिल्ली में होगा।

ट्रेन में यात्रा कर रहे पवन कुमार ने बताया, %ष्ट-14 कोच में जहां मेरी सीट है, उसके बॉटम से आग धधकने की आवाज आई। सारे पैसेंजर्स भागे।


## पत्नी को दोस्त के साथ देखा, हंगामा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक अनोखा मामला सामने आया है। एक युवक जब घर पहुंचा तो उसकी पत्नी से उसका दोस्त गलत हरकत कर रहा था। यह देख पति आग बबूला हो गया और दोस्त से मारपीट करने लगा। जान बचाने के लिए दोस्त छत पर भागा और नीचे कूद गया। उसका पैर टूट गया। महिला का पति उसे लेकर पुरानी छावनी थाना पहुंचा और शिकायत की। पुलिस ने सलाह दी कि वह अपनी पत्नी को थाने लेकर आए उसका भी पक्ष सुना जाएगा। जब युवक पत्नी को लेने पहुंचा तो पता लगा कि पत्नी भी गायब है। अब पुलिस ने युवक की शिकायत पर उसके दोस्त के खिलाफ घर में घुसने व अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। कृष्णा कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय युवक ने शिकायत की है कि शनिवार रात जब वह अपने घर पहुंचा तो उसके कमरे में पत्नी के साथ उसके गांव का रहने वाला युवक बिस्तर पर गलत हरकत कर रहा था। उसने उसे पकड़ा और मारपीट की तो युवक उसे व उसके बेहनोई को धक्का देकर भागा और छत से छलांग लगा दी। जिससे उसके पैर में चोट आ गई। घायल दोस्त को वह पकड़कर थाने लेकर पहुंचा। जहां पर उसकी हालत देखकर पुलिस ने उपचार के लिए भर्ती करा दिया।

### बेटे को मुस्लिम बनाने के पीछे मेरी पत्नी का रोल

# :इंदौर में आठ साल के बच्चे के धर्मांतरण की इनसाइड स्टोरी, पिता की जुबानी

**इंदौर।** इंदौर के 8 साल के बच्चे का जबरन धर्म परिवर्तन कराने के मामले में बाड़मेर (राजस्थान) के पीड़ित व्यापारी महेश नाहटा ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। जिस आरोपी इलियास ने पत्नी और 8 साल के बेटे का अपहरण किया है, उसके क्क्लद्ध से कनेक्शन है। यह भी बताया कि शादी के पहले से ही वह इलियास के संपर्क में थी और वह उसे ले गया। इसके बाद ही उसका धर्मांतरण कर लिया गया। पत्नी ने धर्म बदला है या नहीं, यह खुलासा अभी नहीं हो सका है। नाहटा का दावा है कि शाजापुर निवासी इलियास का चचेरा भाई सरफराज अहमद प्रतिबंधित आतंकी संगठन पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) से जुड़ा है। उसका एक और रिश्तेदार सईद हाफिज अहमद भी पीएफआई का सक्रिय सदस्य है। सरफराज और सईद हाफिज दोनों ही पीएफआई से नजदीकी संबंध होने के चलते जेल भी जा चुके हैं। पीड़ित पिता महेश नाहटा का आरोप है कि इलियास के साथ और भी कई लोग हैं जो हिंदू लड़कियों और महिलाओं के साथ उनके बच्चों का भी जबरन धर्मांतरण किया जा रहा है। नाहटा ने



कहा कि 20 दिन पहले जब मैंने इलियास शिकायत खजराना थाने में की तो मुझे धमकी भरे कई कॉल आए। पर मैं किसी से नहीं डरा। 2013 में फेसबुक पर प्रार्थना से पहचान हुई थी। प्रार्थना तब नाबालिग थी। एक साल तक हमारी बातचीत चलती रही। इसके बाद हम 2014 में हम उज्जैन में मिले। यहां हमने शादी का फैसला लिया और इसी साल हमारी शादी हो गई। 2015 में हमारे हां बेटे ने जन्म लिया। मुझे बाद में पता चला कि मेरे बेटे का जबरन धर्मांतरण कराने वाला इलियास कुरैशी पहले भी प्रार्थना का अपहरण कर चुका था। तब दोनों नाबालिग थे। पुलिस ने प्रार्थना की मां कमलेश की शिकायत पर आरोपी इलियास को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। तब प्रार्थना को उसके परिजनों को सौंप दिया था। महेश ने बताया कि आठ महीने बाद इलियास जमानत पर छूट गया।

## एक कांवड़ में जल-दूसरे में पौधा लेकर चले कांवड़िए

**जबलपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह सोमवार को जबलपुर में संस्कार कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा, कांवड़ यात्रा में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भोले बाबा की कृपा सभी पर बनी रहे। बोल कांवड़िया, बोल बम। यात्रा में हजारों कांवड़िए एक कांवड़ में जल और दूसरे में पौधा लेकर 35 किलोमीटर की यात्रा पर निकले। संस्कार धानी में यह 13वीं कांवड़ यात्रा है। यह सावन महीने के हर दूसरे सोमवार को निकाली जाती है। यात्रा में कांवड़िए कांवड़ में एक तरफ मां नर्मदा का जल और दूसरी तरफ शिव स्वरूप देव पौधे को रखकर चलते हैं। गौरीघाट से लेकर कैलाश धाम तक 35 किलोमीटर पैदल यात्रा करते हैं। कैलाश धाम मंदिर में महादेव का मां नर्मदा के जल से अभिषेक करते हैं। इस साल संस्कार कांवड़ यात्रा समर्थ सद्गुरु भैया जी सरकार, रामू दादा संत आचार्यों के सानिध्य में सुबह 7 बजे ग्वारीघाट से मां नर्मदा का पूजन कर प्रारंभ हुई। कांवड़ियों का जगह-जगह स्वागत हुआ। व्यवस्था में 2500 वॉलंटियर लगाए गए।

### जबलपुर में आज निकलेगी संस्कार कांवड़ यात्रा

# 40 हजार कावड़िए होंगे शामिल; पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी हो सकते हैं शामिल

**जबलपुर।** संस्कार कांवड़ यात्रा आज गौरीघाट के सिद्धघाट से निकलेगी। इसकी तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस बार भी श्रावण मास के पावन मौके पर संस्कार कांवड़ यात्रा मां नर्मदा के तट से प्रातः काल सात बजे दादा गुरु और संत जनों के सानिध्य में प्रारंभ होगी। इसमें करीब 40 हजार कावड़िए समेत पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी शामिल हो सकते हैं। इस मौके पर भगवान भोलेनाथ का दुग्ध से अभिषेक और पूजन होगा। देव स्वरूप वृक्षों की भी पूजा होगी। इसके बाद कांवड़िए एक कांवड़ में जल और



दूसरी कांवड़ में पौधे लेकर करीब 35 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर कैलाशधाम मटामर पहुंचेंगे। यात्रा आदि शंकराचार्य चौक सहित तय स्थानों से होते हुए गोकलपुर रांझी से खमरिया के मटामर स्थित कैलाश धाम में पहुंचेंगे। वहीं, पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा और दूसरे आवश्यक इंतजाम कर लिए हैं। जिसकी देखरेख कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन और एसपी टीके विद्यार्थी करेंगे। वहीं, दूसरी तरफ रांझी खमरिया के बाद कैलाश धाम मटामर का मार्ग जर्जर अवस्था में है। बारिश के कारण जगह-जगह पानी भर गया है। इससे आने जाने वालों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में भारी संख्या में पहुंचने वाले कांवड़ यात्रियों के लिा व्यावहारिक रूप से कठिनाइयों से इंकार नहीं किया जा रहा। हालांकि प्रशासन के अधिकारी यहां का दौरा कर चुके हैं। भरोसा जताया गया है कि जर्जर सड़क की समस्या पर त्वरित हल के प्रयास किए जाएंगे। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन और एसपी टीके विद्यार्थी ने मटामर स्थित कैलाश धाम मंदिर पहुंचकर संस्कार कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। कैलाशधाम पहाड़ी पर की गई बेरिकेटिंग और वाहनों की पार्किंग के लिए चिन्हित स्थल का निरीक्षण भी किया।



# 'द क्रिएटर' का ट्रेलर हुआ रिलीज, 'हार्ट ऑफ स्टोन' से आलिया भट्ट का लुक रिवील



**आलिया** भट्ट इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का प्रमोशन कर रही हैं। इस बीच उनके हॉलीवुड प्रोजेक्ट हार्ट ऑफ स्टोन से उनका लुक जारी किया गया है। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर आधारित द क्रिएटर का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है।

**द क्रिएटर का ट्रेलर हुआ रिलीज**


रोजमर्रा की जिंदगी में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की घुसपैठ के बाद अब इसके सम्भावित खतरों को लेकर बातें उठने लगी हैं। तकनीक की इस चुनौती को सिनेमा में काफी वक्त पहले ही भांप लिया था और एआई केंद्रित कहानियां अक्सर फिल्मों और डॉक्युमेंट्रीज के जरिए हमारे बीच पहुंचती रही हैं। अब 20th संेचुरी स्टूडियोज, न्यू रीजेंसी और एंटरटेनमेंट वन ऐसी ही साइंस फिक्शन फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसकी कहानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और इंसानों के बीच भविष्य में होने वाले जंग को दिखाती है। इस फिल्म का टाइटल है- द क्रिएटर। इसका ट्रेलर जारी कर दिया गया है।

**हार्ट ऑफ स्टोन से आलिया का पोस्टर रिलीज**

बॉलीवुड की टॉप क्लास एक्ट्रेस आलिया भट्ट अब हॉलीवुड में भी छाने के लिए तैयार हैं। पिछले काफी टाइम से वह फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' को लेकर चर्चा में हैं। आलिया की यह पहली हॉलीवुड फिल्म होगी, जो कि सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। जब से फिल्म की घोषणा हुई है, तब से फैंस में आलिया को मूवी में देखने का क्रेज बढ़ गया है। कुछ दिन पहले फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। अब फिल्म से आलिया का फर्स्ट लुक आउट हो चुका है।

**41 साल की हुई प्रियंका चोपड़ा**

बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा 18 जुलाई को अपना 41वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास दिन पर एक्ट्रेस ढेर सारी बधाइयां मिल रही है। अब उन्हें करीना कपूर ने भी विश किया है और एक खूबसूरत नोट लिखा है। प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर ने साल 2004 में आई फिल्म एतराज में काम किया था। फिल्म में दोनों एक- दूसरे के खिलाफ लड़ते हुए नजर आई थीं, लेकिन रियल लाइफ में इनकी बॉन्डिंग उतनी ही स्ट्रान्ग है।



## शादी के बाद ऋचा के पति अली को लेकर बदले सुर, बोलीं- मैं प्रोटीन शेक वाले लड़के को डेट नहीं करना चाहती थी

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने बीते साल अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड और एक्टर अली फजल से शादी की थी। इस कपल की शादी को 4 अक्टूबर को एक साल होने जा रहा है। शादी के बाद इस कपल ने मुंबई में ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी दी थी। अब एक बार फिर ये कपल अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में है। दरअसल, ऋचा ने खुलासा किया कि जब वे पहली बार मिले थे तो उन्होंने अली को 'मासूम' प्रकार का व्यक्ति समझकर नजर अंदाज कर दिया था।

द क्विंट को दिए एक इंटरव्यू में इस कपल ने शादी के बाद की लाइफ पर बातचीत की और एक्ट्रेस ने अली संग अपनी पहली मुलाकात के बारे में बताया। एक्ट्रेस ने बताया कि अली से उन्होंने एक कास्टिंग डायरेक्टर के ऑफिस में मुलाकात की थी। अली फजल में क्या बदलाव हुए हैं? इस बारे में ऋचा चड्ढा ने कहा कि वह अब ज्यादा खुश दिखते हैं। वह केयरिंग हैं और बहुत प्यारे हैं। अब उनकी जिंदगी में पहले के मुकाबले काफी स्थिरता आ गई है।

इस बातचीत में एक्ट्रेस ने आगे कहा कि, मैं कभी भी प्रोटीन शेक वाले लड़के के साथ डेट नहीं करना चाहती थी। मुझे उनसे कोई शिकायत नहीं है पीलो, लेकिन और भी कुछ कर लो। ये बाते उन्होंने हंसते हुए कही। वहीं एक्ट्रेस के अपकमिंग फिल्मों की बात करे तो जल्द फिल्म हीरा मंडी की शूटिंग में नजर आएंगी। इन दिनों उसकी शूटिंग में बिजी हैं। इसके अलावा 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' भी उनके आने वाले प्रोजेक्ट्स में शामिल है, जिसका निर्देशक शुचि तलाटी कर रही हैं।

# पर्दे पर इंसानों और अक्के बीच महायुद्ध, बॉक्स ऑफिस पर प्रभास की 'सालार' से जंग

**रोजमर्रा** की जिंदगी में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की घुसपैठ के बाद अब इसके सम्भावित खतरों को लेकर बातें उठने लगी हैं। तकनीक की इस चुनौती को सिनेमा में काफी वक्त पहले ही भांप लिया था और एआई केंद्रित कहानियां अक्सर फिल्मों और डॉक्युमेंट्रीज के जरिए हमारे बीच पहुंचती रही हैं।

अब 20वीं सेंचुरी स्टूडियोज, न्यू रीजेंसी और एंटरटेनमेंट वन ऐसी ही साइंस फिक्शन फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसकी कहानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और इंसानों के बीच भविष्य में होने वाले जंग को दिखाती है। इस फिल्म का टाइटल है- द क्रिएटर। इसका ट्रेलर जारी कर दिया गया है।

लगभग ढाई मिनट का ट्रेलर एक्शन से भरपूर है और कई ऐसे सींस हैं, जो इसे बेहतरीन बनाते हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि इंसानों का एक ग्रुप रोबोटिक आर्मी से युद्ध कर रहा है। फिल्म में इस सवाल का जवाब तलाशने की कोशिश की गयी है कि इंसान की मदद करने की बनायी गयी तकनीक अगर उसके लिए खतरा बन जाए तो भविष्य कैसा होगा।




कहानी 'जोशुआ' की है, जिसकी पत्नी गुम हो जाती है। जोशुआ पूर्व स्पेशल फोर्स एजेंट है और इसकी तलाश के दौरान उसे अनदेखे खतरों का सामना करना पड़ता है। ट्रेलर लोगों को पसंद आ रहा है। किसी ने इसके एक्शन सींस की तरीफ की तो किसी ने इसके बैकग्राउंड स्कोर को बेहतरीन बताया।

गैरेथ एडवर्ड्स निर्देशित द क्रिएटर में जॉन डेविड वॉशिंगटन जोशुआ के रोल में हैं। जेमा चैन, केन वॉटनाबे अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। फिल्म 29 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इससे पहले आयी टॉम क्रूज की फिल्म मिशन इम्पॉसिबल- द डेड रेकनिंग पार्ट वन में भी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के खतरे को दिखाया गया है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com .